i-NEXT PAGE 4

एडमिशन के लिए आज से डाक्यूमेंट्स की जांच

शुक्रवार और शनिवार दो दिन एलयू में चेक होंगे डाक्यूमेंट्स

LUCKNOW (20 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी फर्स्ट सेमेस्टर में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स के डाक्यूमेंट्स की चेकिंग का काम शुक्रवार और शनिवार को होगा. सभी स्टूडेंट्स को अपने विषय से संबंधित विभाग में हेड के कार्यालय में उपस्थित होना है. प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर की ओर से इसके निर्देश वेबसाइट पर जारी किए गए हैं.

हो चुका है सीट आवंटन

प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि पीजी के विभिन्न विषयों में जिन स्टूडेंट्स को पहली कटआफ के अंतर्गत सीट आवंटन हो चुकी है. उन्होंने एडमिशन फीस जमा कर दी है तो उनका प्रोविजनल आवंटन पत्र भी जारी कर दिया गया है. ऐसे सभी स्टूडेंट्स के डॉक्यूमेंट्स की जांच 21 व 22 अक्टूबर को होगी. स्टूडेंट्स को डाक्यूमेंट्स की जांच के समय प्रोविजनल आवंटन पत्र के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र एवं उनके स्वतः हस्ताक्षरित प्रति लेकर संबंधित विषय के विभाग में न्यूनतम योग्यता की जांच के लिए विभागाध्यक्ष के कार्यालय में उपस्थित होना होगा.

स्क्रूटनी के बाद बदले नंबर

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जून-2022 की कुछ विषयों की परीक्षा में स्क्रूटनी के रिजल्ट जारी किए हैं. इसमें बीएएमएस फर्स्ट के एक और थर्ड ईयर के दो स्टूडेंट्स के मार्क्स बढ़ गए हैं. पहले जिन्हें 39 अंक मिले थे अब 50 हो गए. इसी तरह 41 की जगह 42 और 34 से बढ़कर 35 अंक हो गए हैं. बीएएमएस फर्स्ट, थर्ड, फोर्थ ईयर,बीएड व बीए के स्टूडेंट्स के मार्क्स में कोई बदलाव नहीं हुआ है.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

पीजी कोर्सों का डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन आज से

माई सिटी रिपोर्टर

लविवि : एलएलएम समेत नौ कोर्सों की सेकंड कटऑफ जारी, 22 तक शुल्क जमा करने का मौका

लखनऊ। लविवि की सत्र 2022-23 की परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में शुक्रवार से पीजी कोर्सों के प्रवेशित विद्यार्थियों का डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन शुक्रवार से शुरू होगा। विवि प्रशासन के अनुसार, जिन विद्यार्थियों की च्वॉइस फिलिंग, सीट अलॉटमेंट और फीस जमा करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, वे प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर के साथ संबंधित विभाग में डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के लिए 21-22 अक्तूबर को संपर्क करें।

दूसरी तरफ बृहस्पतिवार को नौ और कोर्सों की सकंड कटऑफ जारी कर दी गई है। इसके अभ्यर्थी 22 अक्तूबर शाम चार बजे तक अपना सीट कंफर्मेशन शुल्क जमा कर सकेंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि एलएलएम, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमए सोशल वर्क, एमए एंथ्रोपोलॉजी, एमएससी एंथ्रोपोलॉजी, एमएससी मैथ्स, एमएससी फिजिक्स, एमएससी जुलॉजी, एमए साइकोलॉजी की सेकंड कटऑफ जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर इसे अपनी लॉगिन आईडी से देख सकते हैं। जिन विद्यार्थियों को सीट अलॉट हो गई है, वे 22 अक्तूबर तक फीस जमा कर दें।

एमबीए मेरिट लिस्ट में बदलाव

लविवि की ओर से जिन कोर्सों की मेरिट लिस्ट जारी कर उसकी च्वॉइस फिलिंग शुरू कर दी गई है, उसमें अचानक बदलाव करने को लेकर विद्यार्थियों ने सवाल खड़े किए हैं। विवि प्रशासन ने 18 अक्तूबर को एमबीए-एमटीटीएम की कंप्लीट मेरिट लिस्ट जारी की थी। छात्रों को 20 अक्तूबर तक च्वॉइस फिलिंग करनी थी। अभ्यर्थियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को मेरिट लिस्ट में बदलाव हो गया। मेरिट लिस्ट बदल गई। इससे पहले एमकॉम में भी ऐसा किया गया था। वहीं प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने कहा कि कुछ विद्यार्थियों ने अपने यूजी के नंबर बाद में अपलोड किए थे जिसकी वजह से इसमें बदलाव हुआ है।

लविवि में एनसीसी भर्ती परीक्षा दो नवंबर को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में फर्स्ट सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए एनसीसी भर्ती का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार दो नवंबर को इसकी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

64वीं यूपी बटालियन एसीसी डॉ. रजनीश यादव के अनुसार, अभ्यर्थियों को दो अक्तूबर को सुबह आठ बजे विवि के पवेलियन ग्राउंड में उपस्थित होना है। विद्यार्थियों को लोवर, टीशर्ट व स्पोर्ट्स शू पहनकर आना होगा। डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के बाद फिजिकल टेस्ट होगा। छात्राओं के लिए 800 और छात्रों के लिए 1600 मीटर की दौड़ कराई जाएगी। चयनितों की 50 नंबर की लिखित परीक्षा होगी। इंटरव्यू के बाद चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी की जाएगी। दूसरी तरफ एनसीसी नेवल विंग के लिए भी आवेदन 31 तक मांगे गए हैं। इनका फाइनल सेलेक्शन पांच नवंबर को फिजिकल टेस्ट और लिखित परीक्षा के आधार पर होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

बीएड में फर्स्ट सेमेस्टर के हॉस्टल आवेदन शुरू

लखनऊ। बीएड फर्स्ट सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू कर दिए गए हैं। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया,अभ्यर्थी एचएमएस पोर्टल पर 50 रुपये शुल्क देकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। 25 अक्तूबर तक उन्हें डॉक्यूमेंट अपलोड करने होंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में की भागीदारी

लखनऊ। लविवि की डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन व डॉ. सीमा मिश्रा ने काठमांडू, नेपाल में आयोजित सम्मेलन में भाग लिया। इसका उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में अंतर्विषय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण एशियाई क्षेत्र और शेष दुनिया में हंबोल्ट फेलो के नेटवर्क का उपयोग करना था। साथ ही छात्रों को यूजी-पीजी अध्ययन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर गुणात्मक प्रदर्शन बढ़ाना था। बांग्लादेश, जर्मनी, भारत, मलेशिया, नेपाल और थाईलैंड के वैज्ञानिक भौतिक रूप से उपस्थित रहे और अर्जेंटीना, चीन, पाकिस्तान और फिलीपींस के प्रतिनिधियों ने ऑनलाइन भागीदारी की। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

एलयू का 65वां दीक्षांत 12 दिसंबर को

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी का 65वां दीक्षांत समारोह 12 दिसंबर को मनाया जाएगा। लगभग 190 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल और एलयू व संबद्ध कॉलेजों के 35 हजार विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। एलयू के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विवि को दीक्षांत समारोह की तारीख की पुष्टि के लिए राजभवन से पत्र मिला है। जल्द ही समारोह के लिए समितियां बनाई जाएंगी।

JAGRAN CITY PAGE III

एक वर्षीय बीएड कोर्स से 12वीं तक पढ़ाने योग्य बनेंगे विद्यार्थी

अखिल सक्सेना ●लखनऊ

- एनसीटीई की ओर से गठित कमेटी ने तैयार किया पाठ्यक्रम
- जल्द ही दिल्ली में कमेटी की बैठक में कोर्स के पहले ड्राफ्ट पर होगी चर्चा

अब नर्सरी से लेकर 12वीं तक शिक्षक बनने के लिए अलग-अलग ट्रेनिंग की जरूरत नहीं पड़ेगी। नेशनल टीचर आफ काउंसिल एजुकेशन (एनसीटीई) की ओर से गठित कमेटी ने एक वर्षीय बीएड का जो पाठ्यक्रम तैयार किया है, उसमें इन सब बातों का ध्यान रखा गया है। दो सेमेस्टर के इस कोर्स में फाउंडेशनल, प्रीप्रेटरी, मिडिल व सेकेंडरी स्तर पर शिक्षक पढ़ाने के लिए तैयार हो सकेंगे। इससे उन्हें विभिन्न स्तर पर नौकरी के लिए भी अवसर प्राप्त होंगे। यही नहीं, पाठ्यक्रम सामग्री में जीवन कौशल प्रशिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में पढ़ाया जाएगा। जल्द ही विशेषज्ञों की कमेटी के साथ तैयार किए गए पाठ्यक्रम के पहले ड्राफ्ट के साथ राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में चर्चा होगी। उसमें जो भी सुझाव आएंगे, कमेटी इसमें अपडेट करेगी। फाइनल होने के बाद एनसीटीई देश भर में इसे लागू करेगी।

दरअसल, एनसीटीई ने बीते वर्ष जुलाई में नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत एक वर्षीय बीएड प्रोग्राम तैयार करने के लिए लवि की डीन एजुकेशन प्रो.तृप्ता त्रिवेदी की निगरानी में आठ सदस्यीय कमेटी बनाई थी। इसमें तमिलनाडु टीचर एजुकेशन यूनिवर्सिटी के प्रो. एस मनी, जम्मू यूनिवर्सिटी की प्रो. रेनू खुराना, वनस्थली विद्यापीठ के प्रो. अजय खुराना, एमएसयू बड़ौदा की प्रो. छाया गोयल और एसवीपीजी गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रो. बृजेश पांडेय को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। उसके बाद से कमेटी लगातार इसके पाठ्यक्रम को तैयार करने में जुटी थी। अब पाठ्यक्रम का पहला ड्राफ्ट तैयार हो गया है।

ये होगी खास बात : डीन एजुकेशन प्रो. तृप्ता त्रिवेदी ने बताया कि एक साल के बीएड प्रोग्राम का पहला ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। दो सेमेस्टर के कोर्स में कुछ खास चीजें शामिल की गई हैं। अब उन्हें इलेक्टिव पेपर के रूप में कई विकल्प मिलेंगे जो विशेष शिक्षक बनने में मदद करेंगे। अभी प्राइमरी, जूनियर और माध्यमिक स्तर पर पढ़ाने के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण होता है। एक वर्षीय कोर्स में नर्सरी से 12वीं तक पढ़ाने की तकनीक शामिल की गई है ताकि हर स्तर के शिक्षक तैयार हों और नौकरी में अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि कोर्स में छात्रों के अनुभवात्मक शिक्षण पर भी फोकस किया गया है। फिलहाल कोर्स के पहले ड्राफ्ट पर चर्चा के बाद जो बदलाव के सुझाव आएंगे, उसे शामिल किया जाएगा।

लवि की छात्रा अंजली सिंह बनीं एसडीएम

जासं, लखनऊ : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से जारी सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (पीसीएस) 2021 के परिणाम में लखनऊ विश्वविद्यालय की शोध छात्रा अंजली सिंह का एसडीएम पद पर चयन हुआ है। ओवरआल उन्हें 15वीं रैंक मिली है। वहीं, छात्राओं में वह प्रदेश में पांचवें स्थान पर हैं। चयनित होने पर विभाग के हेड प्रो. मनोज दीक्षित ने उन्हें बधाई दी।

लवि के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग से पीएचडी कर रहीं शोध छात्रा अंजली सिंह ने 10वीं और 12वीं की पढ़ाई एलपीएस जानकीपुरम से की। उसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय से 2015 में बीए आनर्स साइकोलाजी से किया।

दीक्षा समारोह में चांसलर मेडल सहित चार गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी हैं अंजली, पापा प्रेस इन्फार्मेशन ब्यूरो में एडीजी पद से सेवानिवृत्त

अंजली अपने पिता अरिमर्दन सिंह और माता सत्य भामा देवी के साथ ● सौजन्य : स्वयं

वह बताती हैं कि स्नातक की पढ़ाई के साथ सिविल सेवा की तैयारी शुरू कर दी थी। 2016 में पहला चयन नायब तहसीलदार के पद पर हुआ, लेकिन ज्वाइन नहीं किया। 2017 में लवि के दीक्षा समारोह में चांसलर गोल्ड और चार अन्य गोल्ड मेडल भी मिल चुके हैं। उसके बाद नेट, जेआरएफ किया। 2019 में पीएचडी में प्रवेश लिया। लगातार सिविल सेवा की तैयारी करती रही। 2019 में डीआइओएस पद पर चयन के लिए इंटरव्यू की काल आई, लेकिन वहां भी छोड़ दिया, क्योंकि आइएएस बनना उद्देश्य है। अब पीसीएस में एसडीएम पद पर चयन हुआ है। आगे भी तैयारी जारी रखूंगी। पापा अरिमर्दन सिंह प्रेस इन्फार्मेशन ब्यूरो में एडीजी पद से सेवानिवृत्त हुए। चाचा राम बदन सिंह डिप्टी कमिश्नर नोएडा में तैनात हैं। उन सभी से काफी प्रेरणा मिली। मम्मी सत्यभामा देवी गृहिणी हैं।

पीजी कोर्सों में अभिलेख सत्यापन आज से

छात्र-छात्राओं को पहुंचना होगा संबंधित विषय के विभाग में

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राओं के अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया शुक्रवार और शनिवार को होगी। सभी को अपने विषय से संबंधित विभाग में हेड के कार्यालय में उपस्थित होना है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर की ओर से इसके निर्देश वेबसाइट पर जारी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि परास्नातक के विभिन्न विषयों में जिन अभ्यर्थियों का पहली कटआफ के अंतर्गत सीट आवंटन हो चुका है। उन्होंने प्रवेश फीस जमा कर दी है तो उनका प्रोविजनल आवंटन पत्र भी जारी कर दिया गया है। ऐसे सभी अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन 21 व 22 अक्टूबर को होंगे। अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन के समय प्रोविजनल आवंटन पत्र के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र एवं उनके स्वतः हस्ताक्षरित प्रति लेकर संबंधित विषय के विभाग में न्यूनतम योग्यता की जांच के लिए विभागाध्यक्ष के कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

एमएससी कंप्यूटर साइंस और केमिस्ट्री ने जारी किए निर्देश : एमएससी एमएससी केमिस्ट्री और एमएससी कंप्यूटर साइंस ने भी सत्यापन के निर्देश जारी किए हैं। केमिस्ट्री के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के अभिलेखों का सत्यापन 21 व 22 अक्टूबर को सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक होगा। इन सभी को आवंटन पत्र, फीस रसीद, आवेदन पत्र, 10वीं से बीएससी तक के अंक पत्र व प्रमाण पत्र, फोटो आइडी के साथ ही यदि माइग्रेशन प्रमाण पत्र, गैप एफिडेविट, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र व ईडब्ल्यूएस कोटा लगाया है तो उसका प्रमाण पत्र लेकर अना है। वहीं, एमएससी कंप्यूटर साइंस में अपने सभी मूल अंक पत्र, प्रमाण पत्र जैसे हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, माइग्रेशन, स्थानानंतरण, जाति प्रमाण पत्र, आय एवं चरित्र प्रमाण पत्र एवं फोटोकापी लेकर सुबह 10 बजे पहुंचना होगा। इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

लवि : एनसीसी में भर्ती दो नवंबर को

लखनऊ विश्वविद्यालय ने कैंपस में इस साल स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एनसीसी में भर्ती का शेड्यूल जारी कर दिया है। 64 यूपी बटालियन एनसीसी में भर्ती की प्रक्रिया दो नवंबर को आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के जो विद्यार्थी एनसीसी लेना चाहते हैं, उन्हें निर्धारित तिथि पर सुबह आठ बजे विश्वविद्यालय के पवेलियन ग्राउंड में पहुंचना अनिवार्य होगा। देर से आने वालों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में वेबसाइट पर विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं।

लवि में 64 यूपी बटालियन एनसीसी के केयरटेकर डा. रजनीश यादव ने बताया कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्रा भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। इन विद्यार्थियों को भर्ती वाले दिन लोवर, टीशर्ट एवं स्पोर्ट्स जूते पहनकर आना होगा। सबसे पहले विद्यार्थियों के अभिलेखों का सत्यापन होगा। छात्रों को 1600 और छात्राओं के लिए होगी 800 मीटर की दौड़ : छात्राओं के लिए 800 मीटर और छात्रों को 1600 मीटर दौड़ कराई जाएगी। इसमें चुने हुए लोगों की 50 अंकों की लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें पास होने वाले विद्यार्थियों का साक्षात्कार होगा। इस प्रक्रिया के बाद फाइनल छात्र-छात्राओं की सूची जारी होगी।

ये अभिलेख लाने जरूरी : आवंटन पत्र, फीस रसीद, आधार कार्ड

पीजी के नौ विषयों में दूसरा सीट आवंटन जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को परास्नातक प्रवेश के अंतर्गत नौ विषयों में दूसरा सीट आवंटन जारी कर दिया। इनमें एलएलएम, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमए सोशल वर्क, एमए एंथ्रोपोलाजी, एमएससी एंथ्रोपोलाजी, एमएससी मैथ्स, एमएससी फिजिक्स, एमएससी जूलाजी, एमए साइकोलाजी, एमए जाग्रफी विषय शामिल हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि इन विषयों में दूसरा सीट आवंटन मेरिट के अनुसार किया गया है। इसकी कटआफ भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। लागिन आइडी से सीट आवंटन देख सकते हैं। इसमें जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हो गई है, ये 22 अक्टूबर तक फीस जमा कर सकते हैं।

स्क्रूटनी के परिणाम में बदले अंक

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जून-2022 की कुछ विषयों की परीक्षा में स्क्रूटनी के परिणाम जारी किए हैं। इसमें बीएएमएस प्रथम के एक और तृतीय वर्ष के दो छात्रों के अंक बढ़ गए। पहले जिन्हें 39 अंक मिले थे अब 50 हो गए। इसी तरह 41 की जगह 42 और 34 से बढ़कर 35 अंक हो गए हैं। बीएएमएस प्रथम, तृतीय, चौथे वर्ष,बीएड व बीए के छात्रों के अंकों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इसकी लिस्ट वेबसाइट पर जारी की है।

बीएड विद्यार्थी 25 तक करें हास्टल के लिए आवेदन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को हास्टल आवंटन के लिए आवेदन का मौका दिया है। छात्र-छात्राएं 25 अक्टूबर तक हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें 50 रुपये पंजीकरण शुल्क और सभी जरूरी अभिलेख भी अपलोड करने होंगे। चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह ने नोटिफिकेशन जारी कर कहा है कि पंजीकरण के समय छात्र-छात्राएं हास्टल के नियम पढ़ लें। (जासं)

डिप्लोमा इन साइबर ला में प्रवेश के लिए 25 तक आवेदन

डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में कई डिप्लोमा कोर्स शुरू किए गए हैं। इन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 25 अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने पीजी डिप्लोमा इन साइबर ला के अलावा मीडिया और मनोरंजन, डिप्लोमा इन इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी में डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय में हास्टल की सुविधा नहीं दी गई है। (जासं)

AMRIT VICHAR PAGE 4

पीजी के नौ विषयों में दूसरा सीट आवंटन जारी

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को पीजी प्रवेश के अंतर्गत नौ विषयों में दूसरा सीट आवंटन जारी कर दिया. इनमें एलएलएम, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमए सोशल वर्क, एमए एंथ्रोपोलाजी, एमएससी एंथ्रोपोलाजी, एमएससी मैथ्स, एमएससी फिजिक्स, एमएससी जूलाजी, एमए साइकोलाजी, एमए जाग्रफी विषय शामिल हैं. प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि इन विषयों में दूसरा सीट आवंटन मेरिट के अनुसार किया गया है.

लविवि प्रोफेसरों ने की अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी

लखनऊ। लविवि प्रोफेसरों ने की अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी कर हम्बोल्ट फेलोशिप प्राप्त प्रोफेसरों ने दक्षिण एशिया में अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा दिया है। इसको लेकर लविवि की प्रो. पूनम टंडन और डॉ. सीमा मिश्रा, लखनऊ विश्वविद्यालय को काठमांडू, नेपाल में आयोजित 3 दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 5

लविवि के शिक्षकों ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में काठमांडू में की सहभागिता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के हम्बोल्ट फेलोशिप प्राप्त प्रोफेसरों ने दक्षिण एशिया में अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए हम्बोल्ट अकादमी की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी की। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. पूनम टंडन और डॉ. सीमा मिश्रा को काठमांडू में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। 16-19 अक्टूबर तक आयोजित यह चार दिवसीय सम्मेलन विज्ञान और संस्कृति को सुदृढ़ करने के लिए अंतःविषय सहयोग विषय पर काठमांडू में हम्बोल्ट-कोलेग 2022 (केएचके-2022) आयोजित किया गया था। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में अंतःविषय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण एशियाई क्षेत्र और शेष दुनिया में हम्बोल्ट फेलो के नेटवर्क का उपयोग करना था। इस बैठक को हम्बोल्ट फाउंडेशन, जर्मनी द्वारा आयोजित किया गया था। सम्मेलन में 10 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले दुनिया भर के प्रख्यात वक्ताओं की हिस्सेदारी रही।

PIONEER PAGE 3

पहले होगी मानक की जांच, फिर बढ़ेगी सीटः एलयू

लखनऊ। शैक्षिक सत्र 2022-23 के तहत स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में चल रही प्रवेश प्रक्रिया के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कुछ कालेजों की तरफ से सीट बढ़ाने की मांग की गयी है। जिसको लेकर विवि का कहना है कि सीट बढ़ाने की मांग करने वाले कालेजों में पहले मानकों की जांच होगी, उसके बाद सीट वृद्धि का निर्णय लिया जायेगा। पिछले सत्र में सीमा विस्तार के बाद विवि से रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर जैसे जिलों में स्थापित कालेज जुड़े थे। ऐसे में एलयू के अधिकारियों ने बताया कि नए सत्रन में इन चार जिलों से कुल 6 कॉलेजों ने अपने यहां के विभिन्न कोर्सेज की सीट्स बढ़ाने के लिए प्रस्ताव एलयू को भेजा है। इनमे भी 4 कॉलेज हरदोई के हैं, वहीं सीतापुर से दो कॉलेजों ने सीट बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजा है। एलयू ने इन सभी कॉलेजों को मानक जांच करने का आदेश भेज दिया है। विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि चारों जिलों के कॉलेजों को संबद्धता कानपुर यूनिवर्सिटी से मिले डॉक्यूमेंट के आधार पर दे दिया गया है। ऐसे में इन कॉलेजों के इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षकों की संख्या व मान्यता से जुड़े दूसरे मानकों की जांच नहीं की गई थी। अब जब कॉलेज सीट बढ़ाने के लिए आवेदन कर रहे हैं तो कॉलेजों के मौजूदा संसाधनों की जांच कर सीट बढ़ाया जायेगा।